भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1122**
27 जुलाई, 2022 को उत्तरार्थ

## सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण

1122. श्री नरेश बंसल:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अभी तक कितनी सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण किया जाना है, तत्संबंधी राज्य-वार और क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार, उत्तराखंड सहित देश की सभी सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण कब तक करने की योजना बना रही है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान सहकारी समितियों के डिजिटलीकरण के लिए अब तक वर्ष-वार और क्षेत्र-वार कितनी राशि आवंटित की गई है और कितनी राशि का उपयोग किया गया है; और
(घ) डिजिटलीकरण के बाद सहकारी समितियों में विशेषत: उत्तराखंड में, क्या बदलाव नजर आए हैं?

**उत्तर**
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (ग): देश में लगभग 8.54 सहकारी समितियां हैं। सहकारी समितियों की राज्य-वार और क्षेत्र-वार वितरण अनुबंध -I में संलग्न है । सहकारी समितियां संबंधित राज्य सरकार के नियमों के अधीन पंजीकृत होते हैं । ऐसी सहकारी समितियां, जिनके प्रचालन का क्षेत्र एक से अधिक राज्यों में होता है, उन्हें बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन पंजीकृत किया जाता है । सहकारी समितियां एक पृथक विधिक इकाई होती हैं तथा उनके रोजमर्रा का प्रशासन उनके निदेशकों के बोर्ड के द्वारा संचालित की जाती है जो कि डिजिटलीकरण आदि सहित समिति के प्रबंधन से संबंधित निर्णय लेते हैं । देश के प्रत्येक सहकारी समिति के डिजिटलीकरण की स्थिति का कोई राष्ट्रीय डेटाबेस नहीं है ।

तथापि, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PCCS) को डिजिटल करने के लिए भारत सरकार ने हाल ही में दिनांक 29 जून, 2022 को 2516 करोड़ रुपए की बजटीय परिव्यय से, उत्तराखंड राज्य सहित देश भर में, अगले तीन वर्षों में, 63,000 कार्यशील पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए पैक्स के कंप्यूटरीकरण परियोजना को स्वीकृत किया है ।

'पैक्स का कंप्यूटरीकरण' परियोजना, पैक्स स्तर पर ऋण और गैर-ऋण व्यवसाय, दोनों को पूरी तरह से स्वचालित प्रणाली में बदलने में मदद करेगा । पैक्स अपने प्रचालनों में और अधिक दक्ष हो जाएंगे और ऋणों के त्वरित निपटान, निम्नतर संक्रमण लागत, तीव्र संपरीक्षण और राज्य सहकारी बैंकों तथा जिला ऋण सहकारी बैंकों के साथ भुगतानों एवं लेखाकर्म में असंतुलत को कम करना सुनिश्चित करेंगे । इससे पारदर्शिता भी आएगी और किसानों में पैक्स के प्रति विश्वसनीयता में भी वृद्धि होगी । वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होने के साथ-साथ इससे किसानों को डिजिटल साक्षरता भी प्रदान की जा सकेगी । कंप्यूटरीकरण के पश्चात् पैक्स, विभिन्न सेवाओं हेतु ब्याज अनुदान योजना (ISS), प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY), प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) और उर्वरक, बीज आदि इनपुट के लिए एक केन्द्रीय सेवा प्रदाता बिंदु भी बन जाएगा । यह अखिल भारतीय IT परियोजना, जमीनी स्तर पर सहकारिता क्षेत्र में सुधार के लिए एक आधार का काम भी करेगी ।

*****

